DAY — **16** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	III	04	1500	**J-384**	(H)

POWER-DISTRIBUTION LINEMAN (F8)

Time : 3 Hrs. **(4 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) आवश्यक स्थानों पर सुस्पष्ट आकृतियाँ बनाइए।

(३) दाहिनी ओर दी गई संख्याएँ प्रश्नों के गुण दर्शाती हैं।

(४) प्रत्येक प्रश्न का आरंभ नए पृष्ठ से कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए एवं वाक्य पुन: लिखिए: **[२०]** (५)

(१) भारत में सिंगल फेज़ सिस्टम में वितरण ट्रांसफॉर्मर का आउटपुट वोल्टेज़ ----- होता है।

(अ) २३० वोल्ट (ब) ५३० वोल्ट

(क) २४ वोल्ट

(२) ----- आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता/करती है।

(अ) प्रेरणा (ब) अविश्वास

(क) उदासीनता

(३) ----- का खेत से जानेवाली एल.टी. लाइनों के लिए मुख्य रूप से सुरक्षित आवरण के रूप में उपयोग किया जाता है।

(अ) पी.वी.सी. (ब) काँच

(क) लकड़ी

(४) स्प्रेडशीट में अक्षरों को ----- द्वारा दर्शाया जाता है।

(अ) सेल (ब) ब्लॉक्स

(क) स्तंभ (कॉलम)

(५) ----- सक्रिय श्रवण की प्रक्रिया का पहला चरण है।

(अ) बात न करना (ब) समझना (ग्रहण करना)

(क) मतलब समझना

(ब) उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' विभाग	'ब' विभाग
(अ) चार्ट	(१) हृदय की जाँच
(ब) इलेक्ट्रिक वोल्टेज	(२) जंप तार का जॉईंट
(क) PG क्लैम्प	(३) जानकारी का ग्राफिकल संकलन
(ड) स्लीव जॉईंट	(४) वोल्ट
(इ) ई.सी.जी. (ECG)	(५) एल्यूमीनियम कंडक्टर

(क) निम्नलिखित विधान 'सही' हैं या 'गलत', लिखिए : (५)

(१) जिन पदार्थों से विद्युत धारा उच्च प्रतिरोध से प्रवाहित होती है उन्हें विद्युत का दुर्वाहक (bad conductor) कहते हैं।

(२) श्रवण मूल्यांकन चरण के दौरान आपको दूसरे व्यक्ति के बोलते समय उनका मूल्यांकन करना चाहिए।

(३) किसी तत्त्व का सबसे छोटा कण अणु कहलाता है।

(४) कार्यस्थल पर आपातकाल बोर्ड लगाना आवश्यक होता है।

(५) क्लास-सी अग्निशामक केवल विद्युत उपकरणों की आग का नियंत्रण करने के लिये उपयुक्त है।

(ड) निम्नलिखित प्रश्नों के केवल एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (५)

(१) कम्प्यूटर स्प्रेडशीट में मोटी बॉर्डर से हाइलाइट किए गए सेल को क्या कहा जाता है?

(२) प्रेरणा का अर्थ लिखिए।

(३) स्लाइड शो रोकने के लिए किस शॉर्टकट की का उपयोग किया जाता है?

(४) बाइंडिंग वायर का उपयोग कैसे किया जाता है?

(५) सी.पी.आर. (CPR) का विस्तारित रूप लिखिए।

प्र. २. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए : **[१२]**

(१) टिप्पणी लिखिए – सक्रिय श्रवण की प्रक्रिया समझना।

(२) उद्यमी के कौशलों की सूची बनाइए।

(३) पर्यावरण पर्यटन क्षेत्र में उपलब्ध हरित नौकरियों की सूची बनाइए।

(४) कंडक्टर में हानि (damage) के कारण लिखिए।

(५) विद्युत सुरक्षा नियमों के उद्देश्य लिखिए।

(६) विद्युत उपकरणों के रखरखाव के लिए सामान्य दिशा-निर्देश क्या हैं?

प्र. ३. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए : **[१२]**

(१) वाक्यों के प्रकार लिखिए।

(२) व्यक्तित्त्व का अर्थ लिखिए।

(३) जोखिम प्रबंधन कौशल प्राप्त करने के लिए उद्योजक को कौन सी सामान्य प्रक्रिया अपनाना चाहिए?

(४) वितरण लाइनमैन के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व क्या हैं?

(५) बुनियादी (आधारभूत) विद्युत सुरक्षा के लिए एक नमूना चेकलिस्ट तैयार कीजिए।

(६) फायर ड्रिल की योजना बनाने के चरणों को लिखिए।

प्र. ४. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए : **[१२]**

(१) व्यक्तित्व के बुनियादी गुणों (लक्षणों) की सूची बनाइए।

(२) सक्रिय घटकों की सूची बनाइए।

(३) 'गायस्ट्रेन टाइप' इन्सुलेटर के बारे में लिखिए।

(४) विद्युत शॉक को रोकने में आप कैसे सहायता कर सकते हैं?

(५) विद्युत घटकों के उचित संचालन करने की आवश्यकता क्यों है?

प्र. ५. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए : **[१२]**

(१) इंडक्टर के बारे में जानकारी लिखिए।

(२) प्राथमिक चिकित्सा का क्या अर्थ है?

(३) सुरक्षा हेलमेट के कार्य लिखिए।

(४) विद्युत कार्यस्थल पर अपनाए जानेवाले सुरक्षा नियम लिखिए।

(५) आप विद्युत सुरक्षा कैसे बनाए रखते हैं?

प्र. ६. (अ) निम्नलिखित किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए : (६) **[१२]**

(१) ए.सी. वितरण प्रणाली के प्रकार लिखिए।

(२) ट्रान्सफॉर्मर की ड्रॉईंग और कैल्कुलेशन शीट पर कौन-कौन से विवरणों (details) का उल्लेख किया जाता है?

(ब) निम्नलिखित किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए : (६)

(१) कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी क्या-क्या समस्याएँ हैं?

(२) सीरिज़ सर्किट की आकृति बनाइए।

◆◆◆